सम्मान्नीय महोदय,

जुलाई–अगस्त–सित. 2013

सादर जय जिनेन्द्र

हम आपके सपरिवार कुषलता की प्रार्थना भगवान चंद्रप्रभु से करते हुए यह पत्र आपके करकमलों में सौंप रहे हैं।

हमें अत्यंत प्रसन्नता होती है जब प्रतिउत्तर में आपके SMS /पत्र /सुझाव हम तक पहुॅंचते हैं, आशा है कि यह सिलसिला आपकी संस्था की उत्तरोत्तर उन्नति में सहायक सिद्ध होगा। इस सिलसिले को बनाये रखने के लिये आपसे पुनः अनुरोध है कि हमें 09827250752 पर SMS या btct.saugor@gmail.com पर ई मेल करने का कष्ट करें।

चिकित्सालय – साप्ताहिक निःषुल्क ओपीडी का सिलसिला जारी रखते हुये सेवाभावी चिकित्सा विषेषज्ञ डॉ. संतोष राय (लेप्रोस्कोपी सर्जन), डॉ.नितिन जैन (एम.डी. मेडीसिन), डॉ.रजनीष मिश्रा (हड्डी रोग विषेषज्ञ), डॉ.अखिलेष जैन (हड्डी रोग विषेषज्ञ) डॉ.रूपाली जैन (स्त्रीरोग विषेषज्ञ), डॉ.मोनिका जैन (स्त्रीरोग विषेषज्ञ), डॉ.विकास तिवारी (षिषुरोग विषेषज्ञ), डॉ.मंदार जैन (ह्रदय रोग सलाहकार), डॉ.सोनिका जैन (दंतरोग विषेषज्ञ), डॉ.बी.पी.त्रिवेदी (आयुष विषेषज्ञ) ने माह जुलाई–सितम्बर 2013 में 2930 मरीजों को परामर्ष दिया है।

दिनांक 01.07.2013 को रोटरी क्लब ऑफ सागर (फिनिक्स) के सौजन्य से आपके चिकित्सालय में रक्तदान षिविर का आयोजन किया गया जिसमें 8 व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया।

13 अगस्त 2013 से संजीवनी परियोजना अंतर्गत रोटेक्ट क्लब द्वारा 25 कुपोषित बच्चों को गोद लिया गया है। इन बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण प्रत्येक माह आपके चिकित्सालय में किया जाता है साथ ही इन बच्चों एवं उनके अभिभावकों को निःषुल्क पोषण आहार की व्यवस्था भी भाग्योदय तीर्थ द्वारा की गयी है।

भाग्योदय तीर्थ नर्सिंग कॉलेज – जहॉं एक ओर शहर एवं अन्य शहरों के नर्सिंग महाविद्यालयों में विद्यार्थी शीट्स पूर्ण नहीं भर सकीं हैं वहीं आपकी संस्था द्वारा संचालित नर्सिंग महाविद्यालय में B.Sc Nursing एवं GNM पाठ्यक्रमों में पूरी शीट भरी जा चुकी हैं। यह आपके स्वेच्छा एवं सहयोग का ही परिणाम है।

भाग्योदय तीर्थ फार्मेसी कॉलेज – संस्था के लिये यह उपलिब्ध का विषय है कि भाग्योदय तीर्थ फार्मेसी कालेज को फार्मेसी कौंसिल आफ इंडिया (PCI Delhi) से अनुमोदन प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया है। अनुमोदन उपरांत इस कॉलेज की सत्र 2007–08 प्रथम बैच की छात्रा कु.निधि जैन का मध्यप्रदेष फार्मेसी कौंसिल भोपाल में प्रथम पंजीयन हुआ था।

दिनांक 08 अगस्त 2013 को फार्मेसी पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें के.एल.ई. यूनिवर्सिटी बेलगांव के वाइस चांसलर प्रो.सी.के. कोकारे मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। इस अवसर पर प्रो. कोकारे ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुये फार्मेसी क्षेत्र में रोजगार की संभावना पर चर्चा की।

सितम्बर माह में यहॉं के विद्यार्थी इन्फिनिटी कॉलेज सागर में राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन विज्ञान प्रतियोगिता में हिस्सा लेने गये 1000 से भी अधिक प्रतियोगियों में से यहॉं के छात्र सोनू साहू एवं राकेष साहू ने साइकिल आधारित मोवाइल चार्जर मॉडल का प्रदर्षन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा छात्रा कविता एवं निधि जैन घरेलु अपषिष्ट पदार्थों पर आधारित वाटर प्योरिफायर मॉडल प्रदर्षित कर "दूसरा स्थान पाया।

इसी माह सिप्स कॉलेज सागर में भी राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया, इस सेमीनार में यहॉं की छात्रा डॉली जैन ने पोस्टर प्रदर्षन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पैरामेडीकल कॉलेज – इस कॉलेज में (DMLT) डिप्लोमा इन मेडीकल लेब टेक्नॉलॉजी, 2 वर्षीय पाठ्यक्रम) संचालित है इस पाठ्यक्रम में जीवविज्ञान विषय से 12^{th} (इंटरमीडियट) विद्यार्थियों को प्रवेष दिया जाता है। प्रवेष प्रक्रिया प्रारंभ है। प्रवेष लेने की अंतिम तिथि 20 नवम्बर है। यदि आपके परिजन या मित्रों के बच्चे यह पाठ्यक्रम करना चाहें तो उन्हें, अवष्य ही परामर्ष प्रदान करें।

माह जुलाई, अगस्त, सितम्बर 2013 में आपके संस्थान द्वारा Rs.2604491.00 की चेरिटी मरीजों के लिए की गयी है।

गहन शोक का विषय है कि भाग्योदय तीर्थ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं पूर्व प्रबंध निदेषक डॉ. अमरनाथ जी जैन आज हमारे बीच नहीं हैं। दिनांक 08.09.2013 को डॉ.साहब ने मुनि श्री महासागर जी तथा मुनि श्री विषदसागर जी महाराज का आषीर्वाद लिया एवं अंतिम सांस ली। 09 सितम्बर 2013 को उनका अंतिम संस्कार नरयावली नाका मुक्तिधाम सागर में किया गया, उनकी अंतिम यात्रा में विभिन्न शहरों के गणमान्य नागरिकों ने सम्मिलित होकर श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस दुखद समय में दिनांक 11.09.2013 को भाग्योदय तीर्थ परिसर में शोक सभा एवं डॉ.साहब के कृतित्व को प्रकाषित करने वाले चित्रों की प्रदर्षनी लगायी गयी। भाग्योदय तीर्थ उनकी सेवा भावना के लिये हमेषा ऋणि है, उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व, युगांत तक अमर रहेगा।

भाग्योदय तीर्थ परिवार की ओर से . .

संतोष खरे
पब्लिक रिलेशन अधिकारी